तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि

रत्न भूमि

रायपुर, रविवार 4 अक्टूबर 2026

09 ग्राम ढुल्ला में रोहित साहू ने दी कई निर्माण कार्यों की...



10 35 वर्षों से पट्टे की आस में वार्ड 2, 3 और 4 के रहवासी...



राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर

खबर संक्षेप

आज को होगा नगर स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता

फिंगेश्वर। नगर की ऐतिहासिक क्रीडा संस्था जो अपना 58 वर्ष पूर्ण करने जा रही है जिसकी 4 अक्टूबर को स्थापना दिवस के अवसर पर नगर स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में बालक बालिका व सीनरी का ग्रुप वाइज अलग–अलग प्रतियोगिता होगा। इस प्रतियोगिता में नगर फिंगेश्वर के स्कूल कॉलेज एवं सभी सीनियर खिलाड़ी निशुल्क अपना पंजीयन करवा कर भाग ले सकते हैं। इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए संस्था के सदस्य उमेश यदु शिक्षक व भूपेंद्र राजवंशी व्यायाम शिक्षक व कोच फिंगेश्वर के पास अपना पंजीयन आज शाम 3 बजे तक करवा सकते हैं। इस संस्था के द्वारा नगर के बच्चों को खेल के क्षेत्र में प्रशिक्षित करने का कार्य भी विगत कई वर्षों से जारी है यहां प्रशिक्षण भी निशुल्क दिया जाता है। जो भी बच्चे चाहे वह स्कूल क्यों हो या कॉलेज के हो वह भी प्रतिदिन आकर यहां खेल सीख सकते हैं।

भाठीगढ में सेवा संकल्प अभियान कल, ब्लॉक स्तरीय शिविर भी लगेगा

मैनपुर। सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार अभियान अंतर्गत उन्मुक्त खेल मैदान ग्राम भाठीगढ में मैनपुर विकासखंड स्तरीय शिविर का आयोजन 5 अक्टूबर दिन सोमवार को प्रातः 10 बजे से आयोजित किया गया है। जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गैंदलाल चुरेन्द्र ने सभी क्षेत्रवासियों से शिविर मे शामिल होने के लिए अपील की है।

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र में अब शिकार के लिए बारूद का उपयोग

पोटाश बम से जंगली सूअर के शिकार के आरोप में दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

जंगल में वन्यजीवों के शिकार के लिए इस्तेमाल किए जा रहे पोटाश बम अब सिर्फ जानवरों के लिए ही खतरा नहीं हैं, बल्कि जंगल में गश्त करने वाले वनकर्मियों और सुरक्षा दलों के लिए भी बड़ा जोखिम बन रहा हैं। उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र में ऐसे मामलों के सामने आने के बाद एंटी–पोचिंग यूनिट ने निगरानी और कार्रवाई तेज कर दी है। ताजा कार्रवाई में छत्तीसगढ़–ओडिशा सीमा से लगे चिखलापानी क्षेत्र से जंगली सूअर के कथित शिकार के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। टीम ने मौके से 13 जिंदा पोटाश बम भी बरामद किए हैं।

जानकारी के अनुसार, 29 सितंबर को रिसगांव वन परिक्षेत्र के







13 बम जब्त

आरएफ कक्ष क्रमांक 254 और 255 के चिखलापानी इलाके में मैदानी सूचना के आधार पर टीम ने कार्रवाई की। यह क्षेत्र छत्तीसगढ़–ओडिशा सीमा से लगा हुआ है। कार्रवाई के दौरान नबरंगपुर जिले के खिलौली निवासी करीब 50 वर्षीय नरसिंह और 22 वर्षीय मानसिंह को विभाग द्वारा पकड़ा गया। दो अन्य व्यक्ति फरार है, जिनकी तलाश जारी है। वन विभाग के मुताबिक दोनों पर विस्फोटक का इस्तेमाल कर जंगली सूअर का शिकार करने का आरोप है। टीम के पहुंचने के समय दोनों कथित रूप से शिकार किए गए जानवर के शव को काट रहे थे। मौके से टंगिया, चाकू, हंसिया और कट्टा समेत अन्य सामान भी बरामद किया गया। दो अन्य संदिग्धों के मौके से भागने की जानकारी सामने आई है। मामले में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की संबंधित धाराओं के तहत वन अपराध दर्ज किया गया है। दोनों आरोपियों को 1 अक्टूबर को न्यायिक ⏭ शेष पेज 8 पर

ग्रामसभा में पात्र हितग्राहियों को रिकार्ड में अपात्र बताने पर विवाद



छुरा। ग्राम पंचायत हरदी के आश्रित ग्राम डांगनबाय में हितग्राहियों की पात्रता को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। जनपद पंचायत छुरा के जारी पत्र में यह उल्लेख किए जाने के बाद कि ग्रामसभा में अनुमोदन के पश्चात हितग्राहियों को अपात्र किया गया है, अब ग्राम पंचायत की ग्राम सभा कार्यवाही और रजिस्टर को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। हितग्राहियों और पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि ग्राम सभा डांगनबाय में सभी संबंधित हितग्राहियों के नाम पर सर्वसम्मति से पात्रता का प्रस्ताव पारित कर अनुमोदन किया गया था। ऐसे में जनपद पंचायत के पत्र में ग्रामसभा के अनुमोदन के बाद हितग्राहियों को अपात्र किए जाने का उल्लेख सामने आने से पूरा मामला सवालों के घेरे में आ गया है। मामले की जानकारी लेने जब संबंधित हितग्राही और पंचायत प्रतिनिधि पंचायत कार्यालय पहुंचे, तो उनके अनुसार ग्राम पंचायत सचिव भुनेश्वर सिंग ⏭ शेष पेज 8 पर

राष्ट्रीय जनगणना में ओबीसी की जातिवार गणना की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

राष्ट्रीय जनगणना 2027 में पिछड़ा वर्ग का जातिवार डेटा संकलित करने तथा जनगणना की अनुसूची में पिछड़ा वर्ग के लिए अलग से कॉलम जोड़ने की मांग को लेकर ओबीसी महासभा जिला गरियाबंद द्वारा प्रधानमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी गरियाबंद को ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर गांधी मैदान गरियाबंद में जिला अध्यक्ष फलेंद्र सिंह साहू के नेतृत्व में सौंपा गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष फलेंद्र सिंह ⏭ शेष पेज 8 पर



बड़े-बड़े गड्ढे दे रहे हादसों को दावत, चौड़ीकरण का दे रहे सिर्फ आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

छुरा से रसेला की ओर जाने वाला मार्ग इन दिनों अपनी बदहाली के कारण राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे होने से साइकिल, मोटरसाइकिल से लेकर चारपहिया वाहनों तक के चालकों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। हिचकोले खाते हुए वाहनों के चलने से वाहन चालकों के साथ-साथ वाहनों की स्थिति भी प्रभावित हो रही है। सड़क के दोनों ओर और बीच-बीच में बने गड्ढों के कारण छोटी-मोटी दुर्घटनाएं भी आम हो गई हैं। वाहन चालकों का कहना है कि लंबे समय से सड़क की स्थिति खराब है, महंगे और लक्जरी वाहनों के पुर्जे तक लगातार झटकों के कारण ढीले पड़ने की शिकायतें



सामने आ रही हैं।

क्षेत्रीय सांसद को मांग करते-करते अब थक-हार गए रसेला से छुरा-मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर हमेशा क्षेत्रवासियों ने मांग रखा मगर हासिल लाया शून्य। जब से भाजपा सरकार बनी है तब से उम्मीद के किरण जगी थी मगर अब वो भी बूझने लगी। लेकिन वर्तमान में सड़क की बदहाल स्थिति को देखते हुए आम लोगों में निराशा दिखाई दे रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व लंबे समय से प्रभावशाली राजनीतिक नेताओं द्वारा किया जाता रहा है। केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री जैसे पदों पर रहे नेताओं के प्रतिनिधित्व के बावजूद सड़क की समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया। हर बार जनता को सड़क निर्माण, चौड़ीकरण ⏭ शेष पेज 8 पर



खबर संक्षेप

एकलव्य विद्यालय में मनाई गई गांधी जयंती



छुरा। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोसमबुड़ा में महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने गांधीजी के जीवन, संघर्ष, विचारों और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम में विद्यालय के स्कूल कैप्टन डोगेंद्र, कक्षा 12वीं ने महात्मा गांधी के जीवन परिचय एवं उनके विचारों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से गांधीजी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। वहीं वाइस कैप्टन भावना बारिहा ने भी गांधीजी के व्यक्तित्व एवं सिद्धांतों पर अपने विचार साझा किए।
विद्यालय की पीजीटी इतिहास ललिमा विश्वाहर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी के जीवन से हमें सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने विद्यार्थियों से इन मूल्यों को अपने दैनिक व्यवहार में अपनाने का आग्रह किया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमलकांत यादव ने विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए गांधीजी के जीवन, आंदोलनों एवं उनके विचारों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का मंच संचालनरी ललित कुमार, पीजीटी हिंदी ने किया।

गांधी-शास्त्री जयंती पर मोंगरा में विशेष ग्रामसभा



छुरा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर ग्राम पंचायत मोंगरा में विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गांव के सर्वांगीण विकास, स्वच्छता और जल संवर्धन का संकल्प लिया गया। बैठक में इस योजना के अंतर्गत पंचायत क्षेत्र में स्वीकृत एवं प्रस्तावित 375 अनुमेय विकास कार्यों की विस्तृत सूची ग्रामीणों के समक्ष रखी गई और उनके चरणबद्ध क्रियान्वयन की रूपरेखा तय की गई। पंचायत सचिव द्वारका सेन ने 'वीबी-जी राम जी योजना' के सभी 375 कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने गांव में जल संवर्धन, जल संचयन, जल संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने हेतु संचालित 'मोर गांव मोर पानी महा अभियान' पर प्रकाश डाला। ग्रामसभा में सरपंच मनीराम नागवंशी, उप सरपंच पिलम राम मरकाम, सचिव द्वारका सेन, वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामचन्द्र नायक, समस्त पंचगण, ग्राम प्रमुख एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण माताएं, बहनें व पुरुष उपस्थित थे।

तेज बुखार और शरीर दर्द को न समझें सामान्य : डॉ. देवांगन

रसेला। ग्रामीण चिकित्सा अधिकारी प्रज्ञेष देवांगन ने बाताया की मौसम में बदलाव के साथ सर्दी-जुकाम, बुखार और शरीर में दर्द जैसी परेशानियां आम हो सकती हैं। लेकिन हर बार इन लक्षणों को केवल मौसम का असर मानकर नजर अंदाज करना सही नहीं है। खासकर जब बुखार अचानक तेज हो जाए और इसके साथ सिरदर्द, आंखों के पीछे दर्द, अत्यधिक कमजोरी या भूख कम लगने जैसी समस्याएं भी दिखाई दें। ये लक्षण डेंगू में भी देखे जा सकते हैं।

अमलीपदर क्षेत्र के मुड़गेलमाल-डाबरीगुड़ा मार्ग बाधित, खेतों में रेत पटी

तीन दिनों की बारिश बाद अब दिखाई दे रहा तबाही का मंजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड अंतर्गत अमलीपदर क्षेत्र में पिछले दिनों हुई तीन दिनों की बारिश का असर अब ग्रामीण क्षेत्रों में साफ दिखाई देने लगा है। मुड़गेलमाल से डाबरीगुड़ा के बीच तेज बारिश और पानी के बहाव के कारण संपर्क मार्ग प्रभावित हुआ है। सड़क पर मौजूद पुल भी क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों के आवागमन में परेशानी बढ़ गई है। इस मार्ग से मुड़गेलमाल स्कूल आने–जाने वाले बच्चों के साथ–साथ रोजमर्रा के कामकाज के लिए आवागमन करने वाले ग्रामीणों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के बाद मार्ग की स्थिति ऐसी हो गई है कि कई जगहों पर लोगों को पानी और क्षतिग्रस्त रास्ते से होकर गुजरना पड़ रहा है। इधर अमलीपदर निवासी भूषण चक्रधारी की ट्रैक्टर–ट्रॉली भी तेज पानी के बहाव की चपेट में आ गई। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर की ट्रॉली बहकर करीब दो किलोमीटर दूर जाकर मिट्टी में पलट गई, जिस पर मिट्टी जम गई। वर्तमान में ट्रॉली का केवल दो चक्का ही बाहर दिखाई दे रहा है। अब तक उसे बाहर नहीं निकाला जा सका है।

- पुल क्षतिग्रस्त होने से आवागमन प्रभावित, पानी के बहाव में ट्रैक्टर–ट्रॉली करीब 2 किमी दूर पलटी



मरम्मत कराने की मांग

किसानों का कहना है कि खेतों में रेत जमा होने और फसल के प्रभावित होने से उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त मार्ग, पुल और एप्रोच रोड की स्थिति का जल्द निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि स्कूली बच्चों और ग्रामीणों का आवागमन सामान्य हो सके।
तीन दिनों तक हुए बारिश से अमलीपदर, उरमाल, गोहरापदर, मुड़गेलमाल, दाबरीगुड़ा शोभा, गौरगांव, राजापड़ाव, साहेबिनकछार, जांगड़ा, जुंगाड़ के अलावा कुल्हाड़ीघाट, गोबरा क्षेत्र में धान और मक्का व दलहन तिलहन के फसलों को भारी क्षति पहुंची है। किसानों ने गरियाबंद कलेक्टर रणबीर शर्मा से मांग की है कि क्षेत्र में फसल क्षति का सर्वे करवाकर किसानों को राहत पहुंचाया जाएं।

बारिश का असर गुढ़ियारी से सगड़ा जाने वाले मार्ग पर भी पड़ा है। नदी में तेज बहाव के कारण किनारे की मिट्टी कट गई, वहीं सड़क का एप्रोच रोड भी पानी के बहाव में बह गया। इससे इस मार्ग पर आवागमन प्रभावित हुआ है और ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।
लगातार बारिश और नदी–नालों के तेज बहाव का असर किसानों पर भी पड़ा है। क्षेत्र के कई खेतों में पानी के साथ रेत जमा हो गई है। इससे खेती प्रभावित हुई है। खासकर मक्का की फसल को बारिश और पानी के बहाव से नुकसान पहुंचने की बात सामने आ रही है।

आंगन मिलन उत्सव में गूंजा स्वास्थ्य एवं पोषण का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

परियोजना अंतर्गत 150 से अधिक आंगन केन्द्रों में उत्साहपूर्वक आयोजन, विविध गतिविधियों के माध्यम से दिया गया जन-जागरूकता का संदेश महिला बाल विकास छुरा द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित आंगन मिलन उत्सव परियोजना में उत्साह एवं जनभागीदारी के साथ मनाया जा रहा है। अभियान के तहत अब तक 150 से अधिक केन्द्रों में आंगन मिलन उत्सव का आयोजन किया जा चुका है। कार्यक्रमों के माध्यम से स्वास्थ्य, पोषण, बाल विकास एवं मातृ-शिशु देखभाल के प्रति आमजनों में जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। आंगन मिलन उत्सव के दौरान आंगन केन्द्रों में पोषण आहार प्रदर्शनी लगाकर स्थानीय एवं पौष्टिक खाद्य पदार्थों के महत्व की जानकारी दी जा रही है। साथ ही स्वास्थ्य एवं पोषण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम, नेवता भोज, मेहंदी प्रतियोगिता, स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता, बच्चों की चित्रकारी, नृत्य, फैंसी ड्रेस सहित विभिन्न रचनात्मक एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं मितानिन द्वारा समुदाय के बीच स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की जा रही हैं। साथ ही उत्कृष्ट सेवाओं एवं जनजागरूकता में योगदान के लिए कार्यकर्ता, सहायिका एवं मितानिन का सम्मान कर उनके कार्यों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।
कार्यक्रमों में पहले 1000 दिनों के महत्व, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, बच्चों की नियमित वृद्धि निगरानी, स्वच्छता, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष जोर दिया जा रहा है। आंगन मिलन उत्सव के माध्यम से आंगन केन्द्रों को केवल शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन का स्थान न बनाकर समुदाय की सक्रिय भागीदारी और जन-जागरूकता के केन्द्र के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है।

गांधी जयंती पर सेम्हरतरा-पीपरछेड़ी में स्वच्छता एवं नशामुक्ति अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

ग्राम पंचायत सेम्हरतरा के आश्रित ग्राम पीपरछेड़ी में स्वच्छता, नशामुक्ति एवं जनजागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 8 बजे से 10 बजे तक स्वच्छता अभियान से हुई। ग्रामीणों, युवाओं एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने मिलकर पूरे गांव में साफ-सफाई की और स्वच्छता का संदेश दिया। इसके पश्चात बच्चों एवं युवाओं में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से नशामुक्ति विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में गांव की होनहार बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता में यामिनी साहू प्रथम, भाविका साहू द्वितीय एवं तारिणी साहू तृतीय स्थान प्राप्त किया।

रंगोली प्रतियोगिता में भूमिका निर्मलकर प्रथम, पारुल ध्रुव द्वितीय एवं युक्ति ध्रुव तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को उपस्थित ग्रामीणों एवं आयोजन समिति की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नशामुक्ति को लेकर बच्चों, युवाओं एवं ग्रामीणों ने अपने विचार व्यक्त किए। निबंध प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों ने नशे के दुष्प्रभावों को लेकर जागरूकता का संदेश दिया। इसके बाद गांव के वरिष्ठजनों, युवाओं एवं बच्चों ने सामूहिक रूप से नशापान, धूम्रपान एवं गुटखा सहित सभी प्रकार के नशीले पदार्थों का त्याग करने की शपथ ली। इस दौरान ग्राम पंचायत सेम्हरतरा के सरपंच हरीश साहू ग्राम के अध्यक्ष मंशाराम, कोषाध्यक्ष खम्भन साहू, विष्णु साहू, किशलाल साहू, नंद साहू, संतु साहू, उत्तम साहू, उदय साहू, उमेश साहू, रूपेश साहू, ईश्वर साहू, ओम साहू, गायत्री साहू, सफरा, वीना ध्रुव सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में रोजगार सहायक घसिन साहू, पंचायत सचिव रेखा साहू, नवचेतना युवा समिति एवं ग्राम पंचायत का विशेष सहयोग रहा। भानु साहू, कुणाल, संजू, देवेंद्र, अजय एवं राम सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने आयोजन में सक्रिय सहभागिता निभाया।



पितर मानस महोत्सव पोखरा में आज

फिंगेश्वर। श्री त्रिवेणी मानस शक्ति केंद्र बकली राजिम के तत्वावधान में पितर मानस महोत्सव का ऐतिहासिक आयोजन पोखरा में आज रविवार को आयोजित किया जा रहा है। आप सभी मानस रसिक प्रेमी सादर आमंत्रित हैं उक्त आयोजन को सफल बनाने के लिए मानस शक्ति केंद्र बकली के सभी पदाधिकारी गण लगें हुए है। उक्त संगोष्ठी में बकली शक्ति केंद्र के अलावा मम राजीव लोचन जिला मानस संघ गरियाबंद से पदाधिकारियों का आगमन के साथ पूरे दिन भर मानस चिंतन भजन संध्या का कार्यक्रम होगा प्रमुख रूप से आमंत्रित मानस मंडली 1. सत्संग मानस परिवार पोखरा 2. पुरुषोत्तम मानस एवं सुन्दरकाण्ड समिति राजिम 3. नव सुरज मानस परिवार खुड़ियाडीह। मानस वक्ता के रूप में गजानंद साहू राजीव लोचन मा. प. परतेवा, कुमान सिंग ध्रुव प्रज्ञा मानस परिवार सोरीद, नंदकुमार यादव अध्यक्ष, ब्लॉक संघ फिंगेश्वर रामकुमार देवांगन, पीयूष मानस परिवार राजिम।उक्त जानकारी फिंगेश्वर ब्लाक मानस संघ सह सचिव थानू राम निषाद ने देते हुए अधिक से अधिक संख्या में मानस रसिक श्रोता समाज दर्शक दीर्घा को आह्वान किया है।

मैनपुर जंगल पहाड़ में कलकल धारा...



मैनपुर। गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र के पहाड़ी जंगल इलाके मे पिछले दिनो हुई जबरदस्त बारिश के बाद प्रकृति का अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है यह तस्वीर कुल्हाड़ीघाट पहाड़ी जंगल की है।

बीहड़ जंगल-पहाड़ों के बीच विराजमान खोपलीपाठ देवी

मुड़ागांव(कोरासी)। गरियाबंद जिले के वनांचल क्षेत्र में स्थित खोपलीपाठ देवी बीहड़ जंगल, पहाड़ और प्राकृतिक कंदराओं के बीच स्थित गुफा में विराजमान हैं। चारों ओर फैली हरियाली और पहाड़ी वातावरण इस स्थल की प्राकृतिक सुंदरता को और बढ़ा देता है। खोपलीपाठ की सबसे खास पहचान यहां स्थित विशालकाय पत्थर की घंटी है। स्थानीय लोगों के अनुसार इस घंटी की आवाज करीब दो किलोमीटर तक सुनाई देती है। श्रद्धालु यहां पहुंचकर देवी के दर्शन करते हैं और अपनी मनोकामना पूर्ण होने की श्रद्धा एवं विश्वास के साथ पूजा-अर्चना करते हैं। धार्मिक आस्था के साथ प्राकृतिक वातावरण यहां आने वाले लोगों को विशेष रूप से आकर्षित करता है। स्थानीय मान्यता में इस स्थल को आस्था और विश्वास का केंद्र माना जाता है। यहां आने वाले श्रद्धालु कहते हैं कि वास्तविक सौंदर्य हृदय की पवित्रता में है, इसलिए मन की श्रद्धा के साथ देवी के दर्शन और पूजा का विशेष महत्व है। अमलोर, भैरा, झबलीबाहरा, नवापारा, मुड़ागांव, पाटसिवनी, जामली, परसदास खुर्द, पिपरहट्टा, देवगांव, बोड़राबांधा, खुड़ियाडीह, बिरनीबाहरा, बीजापाल, कुड़ेमा और नागिनबाहरा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग यहां धार्मिक आस्था के साथ पहुंचते हैं। बीहड़ वन क्षेत्र के बीच स्थित यह स्थल धार्मिक आस्था के साथ-साथ प्राकृतिक पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण संभावनाएं रखता है। यदि यहां पहुंच मार्ग, मूलभूत सुविधाओं और स्थल के संरक्षण की दिशा में ध्यान दिया जाए तो खोपलीपाठ क्षेत्र को स्थानीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है।



प्रधानमंत्री मोदी ने भारतवासियों की तकदीर व तस्वीर बदल दी : देवांगन

नवापारा-राजिम। सेवा संकल्प अभियान के दौरान चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के तहत युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन ग्राम नवागांव के आंगनबाड़ी में पहुंचे और आंगन मिलन सेवा के अंतर्गत वहां मौजूद बच्चों को न्यौता भोज दिया, जिसके तहत बच्चों को विभिन्न स्वादिष्ट पकवान दिए गए। इसके अलावा गर्भवती माताओं की गोदभराई और नौनिहाल बच्चों का अन्नप्रासन भी संपन्न कराया। इसके बाद देवांगन ग्राम दुलना पहुंचे और वहां मां शीतला तालाब में ग्रामवासियों के साथ मां गंगा के रूप में तालाब की आरती की। दोनों ही ग्रामों में देवांगन ने लोगों को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले 25 वर्षों से सार्वजनिक जीवन में हैं। इस दौरान 12 वर्षों तक उन्होंने मुख्यमंत्री के रूप में गुजरातवासियों की सेवा की और पिछले 13 वर्षों से प्रधानमंत्री के रूप में देशवासियों की सेवा करते हुए देश को सशक्त, समृद्ध और सुरक्षित बनाए हुए हैं।

भाजपा सरकार का मूल मंत्र नारी का सम्मान व स्वावलंबन : सिंघल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

भाजपा सरकार का मूल मंत्र ही नारी का सम्मान और स्वावलंबन है हमारी माताएं और बहने प्रदेश और देश के विकास के मुख्य धारा मे बराबरी की भागीदार बन रही है महतारी वंदन योजना जैसी ऐतिहासिक पहल से हर महिला के चेहरे पर स्वाभिमान की मुस्कान आई है सरकार हर कदम पर आपके साथ खड़ी है उक्त बातें जिला पंचायत सदस्य एवं वरिष्ठ भाजपा नेत्री नेहा सिंघल ने ग्राम पंचायत करचिया, डूमरपीटा, झाराबहाल और फोकटपारा में सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत आयोजित किए जा रहे आंगन मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होने स्थानीय आंगनबाड़ी केन्द्रों में पहुंचकर आम नागरिको महिलाओं और बच्चो से सीधा संवाद स्थापित किया सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दिया। कार्यक्रम के दौरान नेहा सिंघल ने उपस्थित जनसमूह और मातृशक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की मंशा हर वर्ग के उत्थान की है और यह अभियान अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का सशक्त माध्यम है उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और पोषण से जुड़ी योजनाओं पर प्रमुखता से प्रकाश डाला। योजनाओं का प्रचार-प्रसार- महिलाओं को लाडली बहना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना, पोषण अभियान और स्वसहायता समूहों से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी गई ग्रामीणों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनकर उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया गया बच्चों व माताओं का सम्मान आंगनबाड़ी केंद्रों में नन्हें-मुन्ने बच्चों को उपहार एवं फल वितरित किए गए तथा आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ताओं के समर्पण की सराहना की गई।



जनसमुदाय ने नेहा सिंघल के इस जनसंपर्क और सेवा भाव की सराहना किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य नेहा सिंघल, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष जयंती मांझी, भाजपा मंडल महामंत्री एंव देवभोग नगर पंचायत सांसद प्रतिनिधि अनिता उपाध्याय, जिला महिला मोर्चा मंत्री प्रेमशिला सिन्हा, जिला महिला मोर्चा महामंत्री अहिल्या मरकाम, डूमरपीटा सरपंच रोशनी प्रधान, देवभोग नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुशील यादव, पार्षद दुष्यंत दौरियाँ, पार्षद खिरलक्ष्मी सिन्हा, पार्षद श्रीमती प्रतिमा सोनी, भाजपा कार्यकर्ता प्रतिभा पांडे, भाजपा कार्यकर्ता रितु निषाद, भाजपा कार्यकर्ता अरविंद तिवारी, पदुलोचन मरकाम, परस प्रधान एवं बड़ी संख्या मे ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थे।



संस्कृति ज्ञान परीक्षा, विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह

फिंगेश्वर। अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वाधान में गायत्री परिवार के द्वारा देश के 22 राज्यों सहित छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन पांचवी से लेकर महाविद्यालय तक शनिवार 3 अक्टूबर 2026 को आयोजन किया गया। इसी तारतम्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2026 संपन्न हुआ। इस परीक्षा में विद्यालय के नवमी से लेकर बारहवीं तक के 25 छात्र छात्राओं ने परीक्षा फॉर्म भरे हुए थे। जिसमें 23 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होकर भारतीय संस्कृति, संस्कार, नैतिक मूल्यों एवं देश की गौरवशाली परंपराओं से संबंधित प्रश्नों का उत्तर दिया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य रामनारायण मिश्रा ने कहा कि भारतीय संस्कृति हमारी पहचान और जीवन पद्धति का महत्वपूर्ण आधार है। ऐसी परीक्षाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने देश की महान परंपराओं, संस्कारों और महापुरुषों के जीवन से परिचित होने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य रामनारायण मिश्रा, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, पूरन लाल साहू, विनय कुमार साहू, नरेंद्र कुमार वर्मा, योगेश सोनकर, रेखा सोनी, गीतांजलि नेताम शिक्षक नकुल राम साहू एवं छात्र– छात्राएं उपस्थित थे।

पेज 7 के शेष...

पोटाश बम से...

मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, नगरी के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। विस्फोटक उपलब्ध कराने के आरोप से जुड़े कोहराबेड़ा, थाना विश्रामपुरी, कोंडागांव निवासी भारत पिता रामजी राठौर को स्वास्थ्य संबंधी परिस्थितियों के कारण गिरफ्तार नहीं किया गया उसे बीएनएसएस की धारा 35 (3) के तहत नोटिस दिया गया है।

ग्रामसभा में पात्र...

ध्रुव द्वारा बताया गया कि हितग्राहियों को ग्राम सभा में अपात्र किया गया है। इस पर पंचायत प्रतिनिधियों ने इसका विरोध करते हुए कहा कि ग्राम सभा में ऐसा कोई प्रस्ताव हुआ ही नहीं था। इसके बाद हितग्राहियों और जनप्रतिनिधियों ने ग्राम सभा की कार्यवाही रजिस्टर दिखाने की मांग की। रजिस्टर देखने पर कथित तौर पर ग्राम सभा की कार्यवाही के विपरीत हितग्राहियों को अपात्र दर्शाए जाने की प्रविष्टि सामने आई। इसी को लेकर अब ग्राम सभा की वास्तविक कार्यवाही और रजिस्टर में दर्ज विवरण की सत्यता पर सवाल उठाए जा रहे हैं।

ग्राम सभा में पात्र किए जाने की बात, फिर रिकॉर्ड में अपात्र कैसे?- गांव के पूर्व पंच एवं वर्तमान भाजपा बूथ अध्यक्ष रामरतन साहू से जब इस संबंध में जानकारी ली गई, तो उनके अनुसार ग्राम सभा में सभी हितग्राहियों के नाम सर्वसम्मति से पात्र सूची में रखने का प्रस्ताव पारित कर अनुमोदन किया गया था।ऐसे में ग्रामीणों का सवाल है कि यदि ग्राम सभा में सर्वसम्मति से हितग्रियों को पात्र किए जाने का प्रस्ताव पारित हुआ था, तो बाद में रिकॉर्ड में उन्हें अपात्र किस आधार पर दर्शाया गया? क्या ग्राम सभा की कार्यवाही में बाद में कोई परिवर्तन किया गया? यदि किया गया तो किसके आदेश पर और किस आधार पर?

राष्ट्रीय जनगणना...

साहू ने कहा कि राष्ट्रीय जनगणना में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की तरह देशभर में पिछड़ा वर्ग की भी अलग से जातिवार गणना की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि 14 अगस्त को प्रकाशित गजट में पिछड़ा वर्ग के लिए अलग से कोई कॉलम नहीं होने से ओबीसी समाज में नाराजगी है।
साहू ने कहा कि देश में पेड़-पौधों से लेकर जंगल के वन्यजीवों तक की गणना की जाती है, ऐसे में देश की बड़ी आबादी वाले पिछड़ा वर्ग की जातिवार गणना क्यों नहीं की जा रही है। उन्होंने इसे पिछड़ा वर्ग समाज के हितों से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय बताते हुए जनगणना की अनुसूची में ओबीसी के लिए अलग कॉलम जोड़ने की मांग की।
उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 340 एवं 15(4) में पिछड़ा वर्ग के हितों और समान अवसरों से संबंधित प्रावधान किए गए हैं। ऐसे में पिछड़ा वर्ग की वास्तविक जनसंख्या एवं सामाजिक स्थिति का आंकड़ा सामने आना आवश्यक है, ताकि समाज के विकास और कल्याण के लिए नीतियां बनाने में आंकड़ों का उपयोग किया जा सके। ओबीसी महासभा ने प्रधानमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रीय जनगणना 2027 में पिछड़ा वर्ग के लिए अलग से कॉलम निर्धारित कर जातिवार डेटा संकलित करने की मांग रखी। इस दौरान जिला महिला अध्यक्ष लता सोनी, शिवदयाल साहू, ब्लॉक उपाध्यक्ष छुरा मनोहर चक्रधारी, ब्लॉक उपाध्यक्ष गरियाबंद उमेद यादव, जिला उपाध्यक्ष यज्ञदत्त वर्मा, घनश्याम देवगन, गंगाराम सिन्हा, विधानसभा राजिम प्रभारी जीतेश्वर साहू, गयाराम साहू, जीवन साहू सहित ओबीसी महासभा के पदाधिकारी एवं सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

बड़े-बड़े गड्ढे दे

और सुधार के आश्वासन मिलते रहे, लेकिन सड़क की मौजूदा स्थिति सवाल खड़े कर रही है। **छुरा से रसेला मार्ग की पुल पुलिया भी बदहाल-** केवल रसेला से छुरा मार्ग ही नहीं, बल्कि क्षेत्र की कई सड़कों की स्थिति भी लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। जगह-जगह गड्ढों और उड़ती धूल से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भरने से स्थिति और गंभीर हो जाती है। स्थानीय नागरिकों ने संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों से सड़क की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण कर जल्द मरम्मत तथा प्रस्तावित चौड़ीकरण किया जाएं।

खबर संक्षेप



श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन भक्ति रस में सराबोर हुए श्रद्धालु

छुईहा बेलर। निषाद परिवार रेखा बाई बुधराम पारकर द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा के सातवें दिन कथा राकांढिही स्थल पर भक्ति पूर्ण वातावरण रहा। समाजसेवी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए उपस्थित थे। व्यासपीठ से चतुर्भुज सिरकट्टी आश्रम संचालक संत गोवर्धन शरण महाराज ने कथा का वाचन किया। उन्होंने प्रथम दिन से ही विभिन्न प्रसंगों पर सारगर्भित प्रवचन देकर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर किया। इस पावन अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता रुपसिंग साहू कथा स्थल पहुंचे। वहां उन्होंने भागवत पोथी पुराण पर पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात कथावाचक गोवर्धन शरण महाराज को शाल, श्रीफल, नारियल भेंट कर माला पहनाकर सम्मानित किया और आशीर्वाद लिया। इस दौरान जिला निषाद समाज अध्यक्ष मोती निषाद, पूर्व उपसरपंच गजेंद्र निषाद, पूर्व सरपंच रामाधार साहू, नानक साहू, पूर्व सरपंच टिकेश साहू, पोखराज, रितु, संजु, किर्ति निषाद, तोरण पटेल, रूपाली, दिव्य प्रकाश, गुलेन्द्र, चितरंजन, थानेन्द्र सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

अंर्तराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर विशेष जागरूकता शिविर

फिंगेश्वर। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,रायपुर के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर 1 अक्टूबर को ग्राम दर्रीपार, रोबा, मौलीपारा, हल्बापारा, फिंगेश्वर में विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिनमें बताया गया कि हेल्पलाइन नंबर से कानूनी सलाह एवं मदद ले सकते हैं।
शिविर का मुख्य उद्देश्य वृद्धजनों को उनके अधिकारों, सम्मान, सुरक्षा एवं विधिक संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा। इस दौरान अधिक से अधिक वृद्धजनों से संपर्क कर उन्हें उनके कानूनी अधिकारों एवं शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।
शिविर में वृद्धजनों को निःशुल्क विधिक सहायता, भरण–पोषण एवं संरक्षण से संबंधित कानूनी प्रावधान, संपत्ति संबंधी अधिकार,पारिवारिक विवादों में विधिक सहायता सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क सहायता प्राप्त करने के संबंध में भी बताया गया। वृद्धजनों को आवश्यक हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए बताया गया कि निःशुल्क विधिक सहायता के लिए 6 हेल्पलाइन नेल्सा वि.15100,वरिष्ठ नागरिकों की सहायता एवं मार्गदर्शन के लिए एल्डरमेन 14567,साइबर अपराध अथवा ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायत के लिए साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा महिलाओं को सहायता एवं संरक्षण के लिए महिला हेल्पलाइन 181 पर संपर्क किया जा सकता है।

सौगात : शिविर में शासन की योजनाओं और सेवाओं से सैकड़ों हितग्राही हुए लाभान्वित

ग्राम दुल्ला में रोहित साहू ने दी कई निर्माण कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेश भर में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार के अंतर्गत आज छुरा विकासखण्ड के ग्राम दुल्ला में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय स्टॉल लगाए गए। शिविर में ग्रामीणों ने शासन की योजनाओं की जानकारी लेने के साथ अपनी समस्याओं एवं आवश्यकताओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों को योजनाओं की पात्रता, आवश्यक दस्तावेज एवं आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी। साथ ही विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी देते हुए इसका अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने हितग्राहियों को सामग्री वितरित कर योजनाओं से लाभान्वित किया।



विकास कार्यों की घोषणाएं- शिविर में राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत पूरे देश में शिविर लगाकर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही अंतिम से अंतिम पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत दुल्ला के सरपंच शशि प्रभा के अनुरोध पर आंगनबाड़ी भवन निर्माण, उचित मूल्य की दुकान भवन, स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण एवं गायत्री परिवार दुल्ला के लिए सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा की। साथ ही भुनेश्वरी कंवर को 10 हजार रूपये आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने के लिए आश्वस्त किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ राज्य भंडार निगम के अध्यक्ष चंद्रूलाल साहू ने कहा कि सरकार द्वारा गरीब, जरूरतमंद और वंचित परिवारों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

जन-कल्याण और महिला सशक्तिकरण पर जोर

इस अवसर पर कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि हमें गांव और समाज को विकसित करने के लिए हम सभी को मिलकर कार्य करना होगा। महिलाओं में पहले की अपेक्षा काफी सशक्तिकरण आया है। बालिकाओं को घर की लक्ष्मी कहा जाता है, इसलिए उनके शिक्षा और विकास पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चन्द्राकर, जनपद अध्यक्ष छुरा मीरा ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी, वरिष्ठ नागरिक अनिल चन्द्राकर, राजेश साहू, टीकम चंद साहू ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। इस अवसर पर डॉ. आशीष शर्मा, लेखराज ध्रुव, स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

अस्पताल प्रबंधन ने सेवानिवृत हुए चक्रधारी को दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोपरा में एनएमए डीआर चक्रधारी के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें विदाई दी गई। कार्यक्रम में नगर पंचायत कोपरा अध्यक्ष रूपनारायण साहू, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्नेहलता हुमने, पूर्व खंड चिकित्सा अधिकारी एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. व्ही.के. हिरोंदिया, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोपरा के चिकित्सा प्रभारी रविशंकर चंद्रा तथा समाजसेवी गोरेलाल सिन्हा बतौर अतिथि उपस्थित रहे। नगर पंचायत अध्यक्ष रूपनारायण साहू ने कहा कि डीआर चक्रधारी ने अपने सेवाकाल में निस्वार्थ भाव से आम जनता की सेवा की। उन्होंने अपनी क्षमता के अनुरूप जरूरतमंदों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्नेहलता हुमने ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोपरा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजिम में डीआर चक्रधारी की अपनी अलग पहचान रही है।
पूर्व खंड चिकित्सा अधिकारी एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. व्ही.के. हिरोंदिया तथा समाजसेवी गोरेलाल सिन्हा ने भी डीआर चक्रधारी के सेवाकाल को याद करते हुए उनके कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में योगेश पारणा, लेखराम वर्मा, रमेश साहू, जितेंद्र साहू, गिरीश साहू, उत्तम घोघरे, दुजराम वर्मा, लक्ष्मण साहनी, भोलाराम चक्रधारी, संकल्प श्रावणे, ईश्वर साहू, पुरुषोत्तम निर्मलकार, योगानंद चक्रधारी, सुषमा बिसेन, काजल साहू, पूनम सिन्हा, अनीता साहू, लक्ष्मी साहू, उमा सिन्हा, माहेश्वरी नंदे सहित चक्रधारी परिवार के सदस्य एवं स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कर्मचारी उपस्थित थे।

सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल में ग्रैंडपेरेंट्स डे, बच्चों ने दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल, छुरा में ग्रैंडपेरेंट्स डे का आयोजन हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को दादा-दादी एवं नाना-नानी के स्नेह, अनुभव, संस्कार एवं पारिवारिक मूल्यों से जोड़ना रहा। कार्यक्रम में शाला प्रबंध समिति के सदस्यों के साथ संस्था के निदेशक जॉर्ज जैकब, शैक्षणिक निदेशक सुमंता आचार्य, प्रबंधन से आशीष जॉर्ज जैकब एवं विद्यालय की प्राचार्य बिंदु जॉर्ज जैकब की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने ग्रैंडपेरेंट्स के सम्मान में विभिन्न सांस्कृतिक एवं मनोरंजक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित



अतिथियों, अभिभावकों एवं ग्रैंडपेरेंट्स का मन मोह लिया।इस अवसर पर प्राचार्य बिंदु जॉर्ज जैकब ने कहा कि दादा-दादी एवं नाना-नानी परिवार की अमूल्य धरोहर हैं। उनके अनुभव, संस्कार, स्नेह एवं आशीर्वाद बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को अपनी पारिवारिक परंपराओं एवं संस्कारों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। समारोह के दौरान ग्रैंडपेरेंट्स के लिए विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन भी किया गया, जिसमें उन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय परिवार द्वारा सभी ग्रैंडपेरेंट्स का आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में उप-प्राचार्य लोवित रत्नाकर ने कार्यक्रम का समापन कराया। उन्होंने सभी अतिथियों, ग्रैंडपेरेंट्स, अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी के सहयोग की सराहना की।ग्रैंडपेरेंट्स डे का यह आयोजन प्रेम, सम्मान, संस्कार एवं पारिवारिक एकता का संदेश देते हुए सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

किशोरियों और महिलाओं को दी गई मासिक धर्म स्वच्छता की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय, नवापारा (कोसमी), छुरा, गरियाबंद के हेल्थ क्लब, चेंज मेकर्स एवं पिंकीशे फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान तत्वावधान में किशोरियों एवं महिलाओं में मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु गांव जलकीपानी में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मासिक धर्म से जुड़े सामाजिक भ्रम एवं झिझक को दूर करने तथा इस विषय पर खुले एवं स्वस्थ संवाद को प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया गया। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को मासिक धर्म स्वच्छता के सही तरीकों, सैनिटरी पैड के सुरक्षित उपयोग एवं निस्तारण, व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित आहार एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियों के



बारे में जानकारी प्रदान की गई। विशेषज्ञों एवं विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभागियों के प्रश्नों का समाधान करते हुए आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी सुझाव भी दिए गए।
कार्यक्रम में यह संदेश दिया गया कि "मासिक धर्म प्राकृतिक प्रक्रिया है, इसमें शर्म नहीं बल्कि जागरूकता और स्वच्छता आवश्यक है।" किशोरियों एवं महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा आवश्यकता पड़ने पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों से परामर्श लेने के लिए प्रेरित किया गया। विश्वविद्यालय के संयुक्त कुलसचिव डा. रानी झा ने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम समुदाय में स्वास्थ्य शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ किशोरियों एवं महिलाओं में आत्मविश्वास और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
कार्यक्रम में पिंकीशे फाउंडेशन, हेल्थ क्लब अश्वनी कुमार साहू, प्रतिभा जायसवाल, डॉली यदु चेंज मेकर्स विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभागों एवं स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

गांधी-शास्त्री जयंती पर गूंजे सत्य अहिंसा और सादगी के संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव

3 अक्टूबर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकलवारा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों ने भाषण एवं कविता प्रस्तुति के माध्यम से दोनों महापुरुषों के जीवन, विचारों तथा राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता प्राचार्य एस.के. वर्मा, कुशकुमार दीवान एवं पुरुषोत्तमलाल डड़सेना ने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा एवं स्वच्छता के संदेश तथा लाल बहादुर शास्त्री की सादगी, कर्तव्यनिष्ठा एवं देशभक्ति के आदर्शों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से महापुरुषों के जीवन-मूल्यों को अपने आचरण में अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर शैलेष सेन, सोमनाथ साहू, सोनाली सोनकर



एवं नीलिमा दीवान ने भाषण और कविता की प्रभावी प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को भावपूर्ण एवं प्रेरणादायी बना दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन डी.एस. दीवान ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

पट्टे और मूलभूत सुविधाओं को लेकर धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

शहर के वार्ड क्रमांक 1 गांधी नगर के रहवासियों का पिछले तीन दिनों से चल रहा धरना-प्रदर्शन अफसरों और जनप्रतिनिधियों की मध्यस्थता के बाद स्थगित कर दिया गया। वार्ड के लोंगो ने जमीन के पट्टे और मूलभूत सुविधाओं जैसी विभिन्न मांगों को लेकर यह आंदोलन शुरू किया था। धरना-प्रदर्शन के तीसरे दिवस शाम को तहसीलदार डिंपल ध्रुव, पालिका अध्यक्ष महेश यादव पहुंचे।
पट्टे का मामला शासन स्तर पर लंबित - पालिकाध्यक्ष - नगर




पालिका अध्यक्ष महेश यादव ने स्पष्ट किया कि जमीन का पट्टा देने का अधिकार नगर पालिका के पास नहीं है, क्योंकि यह राज्य शासन के अधीन आता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि रहवासियों के एक प्रतिनिधिमंडल की मुख्यमंत्री से मुलाकात कराने का प्रयास किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक दोनों पक्षों के बीच हुई बातचीत में कुल 13 सूत्रीय मांगों पर चर्चा हुई। इनमें से बिजली, पानी और सफाई जैसी अधिकांश स्थानीय मांगों पर आम सहमति बन गई है। आंदोलनकारियों के साथ योगेंद्र सिंह राजपूत मौजूद थे। बताया कि विधायक रोहित साहू और अफसरों के साथ सकारात्मक चर्चा हुई। जमीन के पट्टे की मुख्य मांग अब श्मशान भूमि विलोपन प्रक्रिया से जुड़ चुकी है, शासन स्तर पर निर्णय होगा। पालिका में 5 अक्टूबर की बैठक में प्रस्ताव पारित कर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के पास भेजा।
वार्ड की बुजुर्ग महिला विदुला बाई देवार का अनशन समाप्त कराया गया। इस दौरान बाबा ठाकुर, रोशन सूर्यवंशी, लता सहित वार्डवासी मौजूद थे।

हर्षोल्लास के साथ मनाई गई महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

ग्राम बासीन स्थित ज्ञानोवा हाइट्स इंग्लिश मीडियम स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय में एक विशेष और गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बापू के चित्र पर श्रद्धासुमन और पुष्प अर्पित करके किया गया, जिसमें शिक्षकों के साथ-साथ नन्हें विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्राचार्य कृष्ण सिन्हा और डायरेक्टर हिमकल्याणी शर्मा ने उपस्थित बच्चों और स्टाफ के समक्ष अपना विशेष उदबोधन दिया। उन्होंने अपने संबोधन में दोनों महापुरुषों के जीवन मूल्यों, उनके त्याग, सत्य, अहिंसा और सादगी पर प्रकाश डाला तथा बच्चों को उनके बताए गए आदर्श मार्गों पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय के शिक्षकगणों ने भी अपने विचार साझा किए। शिक्षिका पुष्पा सेन और सुश्री सोनिया सोनी ज्योति यादव ने बच्चों को संबोधित करते हुए अपना उदबोधन प्रस्तुत किया।





खबर संक्षेप

बाढ़ पीडितों के बीच पहुंचे नपा के पूर्व अध्यक्ष देहुती



नवापारा-राजिम। शहर के वार्ड क्रमांक 16 और 19 में बाढ़ से प्रभावित परिवारों के बीच नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष देहुती साहू पहुंचे। उन्होंने अपनी ओर से 110 प्रभावित परिवारों को चावल, आलू और साड़ी का वितरण किया। इस दौरान देहुती साहू ने कहा कि कई दशकों बाद ऐसी विकराल बाढ़ देखने को मिली है। प्रभावित परिवारों की स्थिति देखकर उनका मन द्रवित हो गया। उन्होंने जरूरतमंद परिवारों तक स्वयं पहुंचकर उनकी आवश्यकता के अनुसार राहत सामग्री वितरित की। बाढ़ की इस घड़ी में प्रभावितों के बीच पहुंचकर मदद का यह प्रयास लोगों के लिए राहत का सहारा बना।

अकलवारा में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा



मुड़ागांव। 3 अक्टूबर भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकलवारा में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा का संचालन भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रभारी कंवल निषाद के मार्गदर्शन में किया गया।
इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एस.के. वर्मा सहित धर्मराज साहू, डी.एस. दीवान, पोषण कुमार टोडरे एवं अनिल सलाम ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। वक्ताओं ने भारतीय संस्कृति, परंपराओं, संस्कारों एवं नैतिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया। परीक्षा में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। आयोजन के दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

विधायक के प्रयासों से अभनपुर में बदलेगी विकास की तस्वीर भेजे गए नए प्रस्ताव

अभनपुर। अभनपुर नगर क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के लिए विधायक इंद्रकुमार साहू के प्रयासों से विभिन्न विकास कार्यों के स्थल



परिवर्तन एवं नए कार्यों के प्रस्ताव शासन को भेजे गए हैं। इन प्रस्तावों के तहत नगर में कुल 135.89 लाख रुपए से अधिक के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू हुई है। प्रस्ताव के अनुसार 16.98 लाख रुपए के दो स्वीकृत कार्यों के स्थल परिवर्तन का प्रस्ताव रखा गया है। इसमें वार्ड क्रमांक 13 में सीसी रोड निर्माण के स्थान पर वार्ड क्रमांक 11 में एनएच-30 तिराहा के पास यात्री प्रतीक्षालय निर्माण तथा दूसरे कार्य के स्थान पर वार्ड क्रमांक 13 में सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु रोड एवं पेवर ब्लॉक निर्माण प्रस्तावित किया गया है।

वक्ताओं ने नशा मुक्ति, परिवार निर्माण और संस्कारों पर रखे विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

22 से 25 दिसंबर 108 कुंडीय यज्ञ में शामिल होने की अपील





गायत्री मंदिर नव चेतना केंद्र फिंगेश्वर में जिला स्तरीय नारी जागरण सम्मेलन जिला गरियाबंद का आयोजन शांति कुंज हरिद्वार के निर्देश पर आयोजित हुआ। 22 से 25 दिसंबर 108 कुंडीय यज्ञ मे शामिल होने की अपील की वक्ताओं ने

वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी वर्ष पर अनेक महत्वपूर्ण कार्यक्रम राष्ट्र में चल रहा है। इसी कड़ी में गायत्री मंदिर फिंगेश्वर में जिला गरियाबंद गायत्री परिवार द्वारा नारी जागरण सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 500 महिलाओं ने भाग लिया। उक्त कार्यक्रम में अतिथि एवं वक्ता के रूप में गायत्री परिवार जोन प्रमुख छत्तीसगढ़ आदर्श वर्मा प्रांत संयोजक आओ गढ़े संस्कार वानपीढ़ी, सरला कोसरिया, चंदूलाल साहू, पूर्व सांसद एवं राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष, प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के सदस्य रुक्मणी बंछोर,पूर्व प्रबंध ट्रस्टी गायत्री मंदिर राजिम चंद्रलेखा गुप्ता, जनपद अध्यक्ष फिंगेश्वर इंद्राणी साहू आदि प्रमुख वक्ताओं ने कार्यक्रम को संबोधित किया। फिंगेश्वर नगर में होने वाले 22 से 25 दिसंबर 2026 को 108 कुंडली गायत्री महायज्ञ में सम्मिलित होने का निमंत्रण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आदर्श वर्मा, सरला कोसरिया, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, रुक्मणी बंछोर, चंद्रलेखा गुप्ता,108 कुंडी गायत्री महायज्ञ के आयोजन समिति के अध्यक्ष रामू राम साहू, जिला समन्वयक टीकम राम साहू, जिला संगठन प्रमुख रोमन चंद्राकर, संरक्षक एच एल साहू, जगदीश राम साह, कोषाध्यक्ष रोशन देवांगन, कोमिला देवांगन, गीतू साहू, टोमेश्वरी सिंन्हा, मिलेश्वरी साहू, संतोषी श्रीवास्तव, शोभना साहू, मधुबाला रात्रे, पदमा यदु, शांति कोसरे, चांदनी कश्यप, रुक्मणी माडले, बसंती साहू, रामकुमार साहू, राम अवतार यादव, अर्जुन सिन्हा, देवानंद सिन्हा, दिनेश साहू सहित 500 से भी ऊपर महिलाएं एवं गायत्री परिवार के भैया बहन उपस्थित थे।

अनदेखी : 2023 में भी शुरू हुआ था सर्वे, पिछले महीने भी प्रक्रिया चली; अब तक परिणाम शून्य

35 वर्षों से पट्टे की आस में वार्ड 2, 3 और 4 के रहवासी, बार-बार सर्वे के बावजूद नहीं मिला पट्टा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



अब सर्वे नहीं, परिणाम चाहते हैं रहवासी

वार्ड क्रमांक 2, 3 और 4 के रहवासियों की मांग है कि अब केवल सर्वे की प्रक्रिया शुरू करने के बजाय सर्वे को पूर्ण कर पात्र हितग्राहियों की सूची तैयार की जाए और नियमानुसार पट्टा वितरण की कार्रवाई की जाए। लोगों ने प्रशासन एवं नगर पंचायत से वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है। रहवासियों का कहना है कि 2023 से लेकर अब तक कई बार सर्वे की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, लेकिन पट्टा अब भी नहीं मिला। अब लोगों को आश्वासन नहीं, बल्कि कार्रवाई और परिणाम का इंतजार है। 35 वर्षों से अधिक समय से घर बनाकर रह रहे इन परिवारों को अपने ही घर की जमीन का अधिकार आखिर कब मिलेगा।

नगर के वार्ड क्रमांक 2, 3 और 4 में लंबे समय से निवास कर रहे लोगों की पट्टे की आस अब भी पूरी नहीं हुई है। कई परिवार ऐसे हैं जो 35 वर्षों से भी अधिक समय से इन्हीं क्षेत्रों में रहकर अपना जीवन बिता रहे हैं, लेकिन आज तक उन्हें भूमि का पट्टा नहीं मिल पाया है। पट्टा नहीं होने के कारण इन परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ लेना भी मुश्किल बना हुआ है। बताया जा रहा है कि पट्टा वितरण के लिए वर्ष 2023 में भी सर्वे कार्य प्रारंभ किया गया था, लेकिन प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी लोगों को पट्टा नहीं मिल सका। इसके बाद पिछले महीने भी सर्वे की प्रक्रिया दोबारा शुरू की गई, जिससे लोगों में एक बार फिर उम्मीद जगी कि अब वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होगा। लेकिन सर्वे कार्य फिर बीच में ही बंद हो जाने से रहवासियों में निराशा और आक्रोश बढ़ गया है।

बार-बार सर्वे, फिर भी नतीजा नहीं- रहवासियों का कहना है कि यदि पात्रता जांच और सर्वे की प्रक्रिया बार-बार शुरू की जा रही है, तो उसे पूरा कर पात्र परिवारों को पट्टा देने की कार्रवाई भी की जानी चाहिए। वर्षों से दस्तावेज और पट्टे की प्रतीक्षा कर रहे लोगों के लिए हर बार सर्वे शुरू होना उम्मीद जगाता है, लेकिन परिणाम नहीं मिलने से अब लोगों में असंतोष बढ़ रहा है।

पीढ़ियां बीतीं, पट्टे का इंतजार खत्म नहीं हुआ- वार्डवासियों के अनुसार अनेक परिवार दशकों से इन क्षेत्रों में निवास कर रहे हैं। कई परिवारों की पीढ़ियां यहीं गुजर गईं, लेकिन भूमि का पट्टा अब तक नहीं मिल पाया। लोगों का कहना है कि उन्हें अपने ही घर और जमीन के संबंध में स्थायी अधिकार का इंतजार है।

पट्टा नहीं तो प्रधानमंत्री आवास का लाभ कैसे मिले ?- पट्टा नहीं होने का सीधा असर प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ पर भी पड़ रहा है। जरूरतमंद परिवारों के पास पक्का मकान बनाने की आवश्यकता है, लेकिन भूमि संबंधी दस्तावेजों के अभाव में उन्हें योजना का लाभ लेने में परेशानी हो रही है। लोगों का कहना है कि यदि उन्हें नियमानुसार पट्टा मिल जाए तो वे अपने कच्चे एवं जर्जर मकानों की जगह पक्का मकान बनाने की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे।

महानदी तट पर विश्व नदी सप्ताह का समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

विश्व नदी सप्ताह कार्यक्रम 27 सितंबर से 3 अक्टूबर को नदी चेतन नदी स्वास्थ्य हमारी जिम्मेदारी के तहत प्रारंभ हुआ। जिसका समापन महानदी में किया गया जिसका आयोजन नदी घाटी मोर्चा इंडिया एपीएमडीडी जन प्रयास आरसीईसीआर कर के द्वारा हुआ जो एक एनजीओ संस्था है। विश्व नदी सप्ताह के 22वां वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे छत्तीसगढ़ में अनेक कार्यक्रम विभिन्न जगहों पर आयोजित किया गया। 2005 से सितंबर के आखिरी रविवार से लगातार 7 दिन विश्व नदी सप्ताह के रूप में मनाया जाता है ताकि दुनिया में नदी चेतना और नदी स्वास्थ्य का देखभाल किया जा सके। वर्तमान में जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव के कारण नदी जीवन पर हमले तेज हो गया है जिससे वर्षा चक्र, बाढ़, सूखा, आजीविका, प्राकृतिक प्रलय हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा बन गया है। यह जानकारी गौतम बंदोपाध्याय एवं टीकू यादव के द्वारा दिया गया। बताया कि नदी केवल जलधारा नहीं वह एक जीवित तंत्र है जिससे जल जंगल भूमि जैव विविधता आजीविका संस्कृति और मानव सभ्यता जुड़ी हुई है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महिला समूह का विशेष सहयोग रहा जिसमें मुख्य रूप से लक्ष्मी ठाकुर, नीलम त्रिपाठी, त्रिवेणी साहू, ओम साईं महिला समूह के अध्यक्ष, रामजी खिलवारे, संतराम बारले, पप्पू साहू, पंच तेजराम साहू, देवेंद्र महिलांग, नेमीचंद साहू, गायत्री यादव, मनीष साहू, गांव के छोटे-छोटे बच्चे शामिल हुए।

मैनपुर ग्राम सभाओं में आगामी 5 वर्षों के विकास कार्यों और जल संरक्षण पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायतों में 2 अक्टूबर को ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभाओं में विकसित भारत, राम विकसित ग्राम पंचायत प्लान, जल संरक्षण, ग्रामीण विकास एवं जनभागीदारी से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेष ग्राम सभा में विकसित भारत, राम योजना के तहत आगामी पांच वर्षों के कार्ययोजना तैयार करने, ग्राम की स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों का चयन, विकसित ग्राम पंचायत प्लान पोर्टल में आवश्यक प्रविष्टियां तथा युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से कार्यों की प्लानिंग की जानकारी दी गई।

ग्रामीणों से गांव की प्राथमिक जरूरतों और विकास कार्यों को लेकर सुझाव भी लिए गए। ग्राम सभा में जल बजट के आधार पर जल की उपलब्धता एवं आवश्यकता के बीच अंतर को चिन्हांकित कर उसके अनुरूप कार्यों का चयन एवं प्राथमिकता तय करने पर चर्चा हुई। जल संरक्षण एवं जल सुरक्षा को ग्राम विकास की प्राथमिकता बताते हुए ऐसे कार्यों के चयन पर बल दिया गया, जिनसे रोजगार के साथ–साथ स्थायी और उपयोगी परिसंपत्तियों का निर्माण हो सके। ग्राम सभा में इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, जल संरक्षण एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित विषयों पर भी चर्चा की गई। ग्राम सभा में विकसित भारत जी राम जी योजना से ग्रामीणों को मिलने वाले प्रमुख कार्यों से फायदे जैसे 125 दिनों का रोजगार, 300 रुपए प्रतिदिन मजदूरी भुगतान, 375 प्रकार के निर्माण कार्यों अधोसंरचना विकास और आजीविका संवर्धन सहित जल संरक्षण एवं राम जी योजना के आधारभूत चार स्तंभों की जानकारी ग्रामीणों को दी गई।

मैनपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत भाठीगढ़, हरदीभाठा, गोपालपुर, मैनपुर खुर्द, जाड़ापदर, जिड़ार, कुल्हाड़ीघाट, तुहामेटा, मैनपुर कला, बोईरगांव, दबनई, जांगड़ा, अमाड़, तौरेंगा, खजूरपदर, बिरीघाट, भेजीपदर, सागड़ा, उरमाल एवं 74 ग्राम पंचायतों मे ग्रामीणों को राम जी योजना एवं विकसित ग्राम पंचायत प्लान के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। आगामी पांच वर्षों की ग्राम विकास योजना, जल बजट, जल सुरक्षा, युक्तधारा के माध्यम से कार्यों की प्लानिंग तथा रोजगार के साथ स्थायी परिसंपत्ति निर्माण की प्रक्रिया को बताया गया।





